## सार-समाचार

### योग दिवस के लिए घर घर किया जागरूक

**मासलपुर करौली।** पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी 12 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम के लिए आयुष विभाग द्वारा घर घर पहुंच कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। आयुष ब्लॉक चिकित्सालय मासलपुरके स्टाफ सहित ब्लॉक योगा नोडल अधिकारी द्वारा योग प्राणायाम के लाभ और फायदे बताते हुए कस्बे के लोगो को ब्लॉक के मुख्य कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मासलपुर मे 21 जून को प्रातः 6 बजे आने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ब्लॉक अधिकारी डॉ विद्या कुमारी मीना ने बताया कि जिला नोडल अधिकारी योगा उप निदेशक आयुर्वेद करौली डॉ कालू राम मीना के निर्देशानुसार ब्लॉक मासलपुर में सभी पंचायतो में 21 जून को योग दिवस मनाया जाएगा इसके लिए तहसीलदार मासलपुर ने सभी विभागों को योगा कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए पाबंद किया जा चुका है। सभी पंचायतो के विकास अधिकारी ,प्रधानाचार्य, शारीरिक शिक्षक, आयुर्वेद विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा योग दिवस की सफलता के लिए उच्च अधिकारियों ने पाबंद किया गया है। योगा ब्लॉक नोडल अधिकारी मासलपुर डॉ रमण स्वरूप शर्मा ने बताया कि सभी पंचायतो में पंचायत विकास अधिकारी और आयुर्वेद विभाग के कर्मियों को पंचायत योगा नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। विद्यालय के प्रधानाचार्य, शारीरिक शिक्षक और बच्चों सहित सभी स्टाफ योग दिवस पर कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। सभी पंचायत सरपंच अपनी अपनी पंचायत के योग दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे।ब्लॉक के कार्यक्रम में तहसीलदार, विकास अधिकारी, कालेज के प्राचार्य, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सहित ब्लॉक के सभी ब्लॉक अधिकारी कस्बे के लोगो के साथ योग प्राणायाम करेंगे।

### 22 विभागों की लगभग 90 गतिविधियां की जाएंगी संचालित

**करौली ।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुंचाने के लिए जिले में ग्रामीण सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 18 जून गुरूवार को विभिन्न पंचायत समितियों की ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिड़वाल ने बताया कि इस अभियान के तहत पंचायत समिति करौली की ग्राम पंचायत हरनगर, खूबनगर, पंचायत समिति मासलपुर की ग्राम पंचायत कंचनपुर, पंचायत समिति हिण्डौन की ग्राम पंचायत सोमलारात्रा, बाढ करसौली, पंचायत समिति श्रीमहावीरजी की ग्राम पंचायत दानालपुर, पंचायत समिति सपोटरा की ग्राम पंचायत सलेमपुर, महाराजपुरा, पंचायत समिति मण्डरायल की ग्राम पंचायत भांकरी, पंचायत समिति टोडाभीम की ग्राम पंचायत खोहरा, कंजौली तथा पंचायत समिति नादौती की ग्राम पंचायत ढहरिया में इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविरों के दौरान आमजन को कुल 22 प्रमुख सरकारी विभागों की 90 सेवाओं का लाभ एक ही छत के नीचे मिलेगा, जहां विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यों और जनसमस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जाएगा।

### रूपसिंह मीना जिलाध्यक्ष बने

**करौली ।**राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर के चुनाव महात्मा ज्योतिबा फुले उच्च माध्यमिक विद्यालय करौली में जिला कार्य कारणी के चुनाव सम्पन्न हुए। जिसमें रूप सिंह मीणा को सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष बनाया। सर्व प्रथम बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर एवं महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पटल के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर चुनाव प्रक्रिया का शुभारंभ किया। प्रवक्ता गंगाराम प्रजापत ने बताया कि चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में अमृत लाल छाबड़ा प्रदेश उपाध्यक्ष,एवं रत्तीराम मीना प्रदेश संगठन मंत्री,चुनाव अधिकारी राजेंद्र मीना एवं यादराम एवं विशिष्ट अतिथि विद्यालय निदेशक प्रेमसिंह माली रहे।इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष विष्णु मंडल ने विगत वर्ष की उपलब्धियों एवं वित्तीय आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया।संगठन की मजबूती के लिए सर्वसम्मति से कार्यकारणी का सर्व सम्मति से चयन किया। निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र मीना ने नवीन कार्यकारणी की घोषणा की जिसमें जिलाध्यक्ष रूपसिंह मीना,कुमेश कुमार जाटव महामंत्री,धनराज मीना कोषाध्यक्ष,लखन लाल जाटव सभाध्यक्ष बनाए गए पदाधिकारियों को त्याग,समर्पण एवं सेवा भाव के साथ शिक्षक की समाज को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाते है।

### 12 प्रतिषत आरक्षण की मांग को लेकर बैठक की जाएगी

**भरतपुर ( निस )।** सैनी, माली, कुशवाहा, मौर्य एवं मुरार समाज की लंबे समय से लंबित 12 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर आगामी आंदोलन की रणनीति तैयार करने हेतु गुरुवार, 18 जून को सायं 5:30 बजे जिला कार्यालय, पक्का बाग, भरतपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। यदुवंशी सैनी समाज पाल 12 गांव के अध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने बताया कि आगामी 25 जून को आयोजित होने वाली विशाल महापंचायत की तैयारियों एवं आरक्षण आंदोलन को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में समाज के वरिष्ठजन, युवा साथी, पदाधिकारी एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्होंने समाज के सभी जिम्मेदार साथियों एवं समाज बंधुओं से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने सुझाव देने तथा आंदोलन को सफल बनाने में सहयोग करने का आ ान किया है।

# भरतपुर में कलेक्टर ने ड्रेनेज कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का निरीक्षण किया

- मुख्य डेन से सिल्ट निकासी, जलकुंभी हटाने व पिचिंग कार्य को गति देने के निर्देश
- बरसात के दौरान शहर में नहीं रहे पानी निकासी की समस्या- जिला कलेक्टर

भरतपुर (निस)। जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने बुधवार को शहर के ड्रेनेज सिस्टम के तहत चल रहे जल संसाधन विभाग की मुख्य ड्रेन के निर्माण कार्य का आकस्मिक निरीक्षण कर गुणवत्ता एवं कार्य की प्रगति को देखा।

जिला कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान कहा कि भरतपुर शहर में आगामी बरसात के दौरान जलभराव की समस्या नहीं रहे तथा पानी निकासी के लिए चल रहे विकास कार्यों का पानी मुख्य ड्रेन में पूरे वेग के साथ प्रवाहित हो इसके लिए सिल्ट एवं जलकुम्भी निकासी का कार्य निरन्तर जारी रखा जाये। उन्होंने बरसात को देखते हुए जल निकासी के लिए ड्रेने कार्य को पूर्ण गति से करते हुए प्रतिमाह लक्ष्य निर्धारित कर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने नोह पुलिया के पास ड्रेन कार्य का निरीक्षण कर ड्रेन के दोनों तरफ पिचिंग कार्य को भी समय पर कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान सीएफसीडी, पुष्प वाटिका ड्रेन व सेक्टर 13 से आने वाले वर्षा जल की निकासी के लिए लेवल जांच कर अतिरिक्त मशीनरी लगाकर कार्य को पूर्ण गति से आगे बढ़ाएं। उन्होंने संवेदक को प्रतिमाह लक्ष्य देते हुए मॉनिटरिंग करने तथा जलकुंभी निकासी के लिए भी अलग से मशीनरी लगाने के निर्देश दिए।



भरतपुर जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने शहर के ड्रेनेज सिस्टम के तहत चल रहे निर्माण कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि शहर की मांग रही है की बरसात के दौरान जल भराव नहीं रहे इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा शहर का विस्तृत ड्रेनत प्लान तैयार करवाकर इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाया है इसमें अतिरिक्त मशीनरी लगाकर सिल्ट निकासी एवं जलकुंभी हटाने के कार्य समयबद्ध पूरा किया जाये। उन्होंने कहा कि ड्रेन के दोनों बैंक को इस तरह विकसित करें कि भविष्य में दोनों तरफ सड़क निर्माण के साथ रिवरफ्रंट की तरह लोगों के आवागमन व भ्रमण के काम आ सके।

जिला कलक्टर ने नोह पुलिया से लेकर समसपुर गांव तक ड्रेन के कार्य का निरीक्षण कर गुणवत्ता व कार्य की गति को देखा तथा स्थानीय नागरिकों से विकास कार्य की गति के बारे में जानकारी ली। ग्राम समसपुर में ग्रामीण रामप्रसाद एवं स्थानीय निवासी गीता देवी ने बताया कि ऐसा कार्य पहलीबार हो रहा है इससे ड्रेन में पानी बहाव सही रहेगा तथा सफाई होने से गांव में सर्प, बिच्छुओं व गोहरे आदि का प्रकोप नहीं रहेगा। उन्होंने कार्य को गुणवत्तापूर्ण बताते हुए कहा कि इतनी मशीनरी लगाकर सफाई की जा रही है साथ ही दोनों तरफ की पाल का कार्य भी अच्छी प्रकार होने से आवागमन भी सुगम होगा।

अधीक्षण अभियंता बैनेसिंह ने बताया कि मुख्य ड्रेन ही भरतपुर शहर का एकमात्र जल निकासी तंत्र है इसके माध्यम से बाणगंगा, रूपरेल नदी एवं भरतपुर शहर के अधिशेष जल की निकासी सुवस्थित हो सकेगी। उन्होंने बताया कि मुख्यड्रेन में जमा सिल्ट निकासी, जलकुंभी व संरचनात्मक अवरोध के कारण प्रवाह कम हो गया था इसके पूरा हाने पर भरतपुर शहर में जल निकासी की समस्या नहीं रहेगी तथा बाढ़ प्रबन्धन क्षमता में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि संपूर्ण कार्य मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान अधिशाषी अभियंता शालिनीसिंह सहित जल संसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## वीरता और स्वाभिमान को किया नमन

**भरतपुर ।** फ्रेंड्स क्लब कार्यालय पर महाराणा प्रताप का जन्म उत्सव मनाया उसमें फ्रेंड्स क्लब अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी भरतपुर विवेक चंदेल ने अपने विचारों में कहा की महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के वो सूर्य हैं जो गुलामी के अंधेरे में भी कभी नहीं डूबे। स्वाभिमान से बडा कुछ नहीं जब अकबर जैसे शासक के सामने झुकने से बेहतर उन्होंने जंगल में घास की रोटी खाना चुना। हल्दीघाटी का युद्ध हार-जीत से ऊपर था। वो लड़ाई थी आज़ादी के जज़्बे की। महाराणा का संदेश साफ थारू सिर कट सकता है, झुक नहीं सकता। 15 साल तक मेवाड़ के जंगलों में रहकर उन्होंने मुगलों से गुरिल्ला युद्ध किया। चेतक जैसे घोड़े और भामाशाह जैसे साथियों ने बताया कि सच्ची निष्ठा पैसों से नहीं खरीदी जाती। जब इरादे नेक हों तो साधन खुद जुड़ जाते हैं। जीवन के अंत तक उन्होंने मेवाड़ का बडा हिस्सा वापस जीत लिया था। अकबर पूरी ज़िंदगी मेवाड़ को पूरी तरह कब्ज़ा नहीं कर पाया। यही महाराणा की असली जीत थी। आज के लिए सीख नौकरी, बिज़नेस या पढ़ाई में जब हालात मुश्किल हों तो महाराणा को याद करो।

# महाराणा प्रताप जयंती पर गंगापुर सिटी में वाहन रैली

- मेधावी छात्रों का सम्मान, जगह-जगह हुआ रथ यात्रा का स्वागत

**गंगापुर सिटी।** महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती पर बुधवार को गंगापुर सिटी में उत्साह और गौरव का माहौल देखने को मिला। सिसोदिया राजपूत खारवाल महासभा समिति के तत्वावधान में भव्य वाहन रैली निकाली गई तथा समाज के मेधावी विद्यार्थियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजबंधुओं और युवाओं ने भाग लिया तथा महाराणा प्रताप के जयघोषों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होकर निकली, जहां जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया।

**नई अनाज मंडी से शुरू हुई वाहन रैली:** वाहन रैली नई अनाज मंडी, उदेई मोड़ से शुरू हुई। रैली में शामिल वाहनों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। समाज के लोग महाराणा प्रताप के चित्र और ध्वज लेकर चल रहे थे। रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होकर निकली, जहां जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के शौर्य, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन संघर्ष, त्याग और मातृभूमि के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है।

**मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान:** जयंती समारोह के अवसर पर समाज के प्रतिभाशाली एवं मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई। इस दौरान अभिभावकों और समाज के लोगों ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। समारोह में समाज के वरिष्ठजन, युवा, महिलाएं और बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा और लोगों ने महाराणा प्रताप के आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## पांचना बांध के पानी के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए भेजा शांति प्रस्ताव संदेश

- मामले को बढ़ता देख कटकड गांव की अथाई पर अठ्ठाईसा गांव के पंच पटेलो की महापंचायत आयोजित हुई

**करौली।** पांचना बांध के पानी के मुद्दे पर सकारात्मक सौहार्दपूर्ण चर्चा करने के लिए कटकड अथाई 28 गांव के पंच पटेलो ने गुडला पहाडी अथाई 12 गांव के बैंसला पंच पटेलो को शांति प्रस्ताव संदेश भेजा।

पांचना बांध से कमांड एरिया की नहरो में पानी खोलने इधर नॉन कमांड एरिया मैं पांचना लिफ्ट परियोजना तैयार कर बांध से पहले पानी खोलने एवं गंभीर नदी तटीय क्षेत्र के लिए गंभीर नदी में पानी खोलने का मुद्दा पिछले दो दशकों से गरमाता चला आ रहा है। लेकिन मामला सुलझ नहीं पा रहा है। जिसके लिए तीनो क्षेत्रो के लोग प्रशासन से अपने अपने क्षेत्र में पानी खोलने की मांग को लेकर अपने-अपने क्षेत्र में लामबंद होकर धरना प्रदर्शन कर मांग करते चले आ रहे हैं। और पांचना बांध के पानी का मुद्दा बड़ा बनता देखा जा रहा है। मामले को बढ़ता देख कटकड गांव की अथाई पर अठ्ठाईसा गांव के पंच पटेलो की महापंचायत आयोजित हुई। जिस महा पंचायत में पांचना बांध के पानी के मुद्दा पर गुडला पहाडी 12 गांव बैसला पंच पटेलो के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में बैठक करने का निर्णय लेकर कटकड अथाई के 28 गांव के पंच पटेलो की ओर दिनांक 17 जून 2026 बुधवार को शांति प्रस्ताव संदेश पत्र भेजते हुए लिखा कि समस्त पंच सरदारी की तरफ से गुडला पहाडी अथाई बारह गांव बैंसला पंचो को राम राम बाँचना जी आज हमारी कटकड अठ्ठाईसा की अथाई पांचना कमांड एवं कैचमेंट अपनी अपनी मांगों को लेकर बैठे हैं इस मुद्दे पर हमारी अठ्ठाईसा पंच सरदारी ने यह निर्णय लिया कि अठ्ठाईसा का पूर्व से ही बैंसला पंच से भाईचारा रहा है हम अठ्ठाईसा इस भाईचारे को कायम रखना चाहते हैं अतः आपसे बैठकर पांचना बांध मुद्दे पर सकारात्मक सौहार्दपूर्ण वातावरण में बात करना चाहते हैं हमारी तरफ से हमारी अठ्ठाईसा की अथाई पर आपका स्वागत है अतः आपसे निवेदन है कि आप 19 जून 2026 तक मीटिंग का उचित स्थान बताने का श्रम करें। उन्होंने इस प्रकार शांति प्रस्ताव संदेश भेजकर पांचना बांध के पानी को लेकर चल रहे मुद्दा पर चर्चा करने का प्रस्ताव भेजा है ।

## किसानों के प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक 18 को

**करौली।** पांचना बांध से सिंचाई के पानी को लेकर चल रहे गतिरोध तथा किसानों द्वारा किए जा रहे आंदोलन एवं विभिन्न स्तरों पर उठाई जा रही मांगों के मद्देनजर बुधवार को भरतपुर संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर करौली अक्षय गोदारा, जिला कलक्टर सवाई माधोपुर कानाराम, सिंचाई विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तथा संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान पांचना बांध से जल वितरण, कमांड एवं कैचमेंट क्षेत्र के हितों, 39 गांवों हेतु की गई बजट घोषणा तथा वर्तमान परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा की गई।संभागीय आयुक्त ने बताया कि सभी पक्षों के हितों को ध्यान में रखते हुए विवाद के शांतिपूर्ण एवं सर्वसम्मत समाधान के लिए करौली एवं सवाई माधोपुर जिले के किसानों के प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक 18 जून को संभागीय आयुक्त कार्यालय भरतपुर में आयोजित की जाएगी। बैठक में दोनों जिलों के किसानों के प्रतिनिधियों से विस्तृत चर्चा कर राज्य सरकार के निर्देशों के अनुरूप समाधान का प्रयास किया जाएगा।

# हत्या के 7 दोषियों को आजीवन कारावास

- प्रत्येक पर चार लाख से अधिक का लगाया आर्थिक दण्ड, बामनवास के कुआं गांव में जमीनी विवाद का मामला

**गंगापुर सिटी।** न्यायालय अपर सैशन न्यायाधीश संख्या दो ने एक सनसनी खेज मामले में सात अभियुक्तो को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर लोक अभियोजक संख्या 2 घनश्याम सिंह ने बताया कि मामला बामनवास तहसील के कुआंगांव में जमीनी विवाद का है। जिसमें न्यायालय ने दोनो पक्षो की दलील व बहस सुनने के बाद तथ्यो के आधार पर भारतीय दण्ड सहिता की धारा 302,364,201,120बी 143में दोष सिद्ध होने पर अभियुक्त मानसिंह उर्फ नेता, ओमप्रकाश उर्फ ओमी, रमेश, रामसिंह, हनुमान, हरिकेश, छोटू उर्फ छोटया को दोषी मानते हुए विभिन्न धाराओ में सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर चार लाख से अधिक का अर्थदण्ड भी लगाया है। वहीं अभियुक्तो के द्वारा पूर्व में बिताई गई सजा को मूल सजा में समायोजित किया जायेगा। मामला बामनवास तहसील के कुआंगांव में जमीनी रास्ते के विवाद से जुडा है। जिसमें वर्ष 2016 में अपहरण कर हत्या की वारदात को अंजाम दिया। परिवादी रामधन ने रिर्पोट दर्ज कराई थीकि 11 मार्च 2016 को दोपहर में उसके भाई बाबू लाल को अभियुक्तगण जबरण जीप में डाल कर ले गए और हत्या कर दी। ये विवाद पहले से चल रहे खातेदारी जमीन के रास्ते को लेकर था। जिसमें सिविल न्यायालय का निर्णय परिवादी के पक्ष में आने से अभियुक्त पक्ष नाराज था। न्यायालय ने निर्णय में कहा कि अपराध की प्रकृति, सामाजिक प्रभाव और न्याय के उददेश्यो की पूर्ति के लिए कठोर सजा आवश्यक है। अदालत ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलो में समाज में भय व असुरक्षा का वातावरण नही फैले इसके लिए दोषियो को कठोर दण्ड देना न्याय संगत है।

## 12 प्रतिषत आरक्षण की मांग को लेकर बैठक की जाएगी

**भरतपुर ( निस )।** सैनी, माली, कुशवाहा, मौर्य एवं मुरार समाज की लंबे समय से लंबित 12 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर आगामी आंदोलन की रणनीति तैयार करने हेतु गुरुवार, 18 जून को सायं 5:30 बजे जिला कार्यालय, पक्का बाग, भरतपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। यदुवंशी सैनी समाज पाल 12 गांव के अध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने बताया कि आगामी 25 जून को आयोजित होने वाली विशाल महापंचायत की तैयारियों एवं आरक्षण आंदोलन को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में समाज के वरिष्ठजन, युवा साथी, पदाधिकारी एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्होंने समाज के सभी जिम्मेदार साथियों एवं समाज बंधुओं से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने सुझाव देने तथा आंदोलन को सफल बनाने में सहयोग करने का आ ान किया है।

## रैपिड एक्शन फोर्स ने फ्लैग मार्च निकाला

- हिंडौन सिटी में कोतवाली पुलिस भी हुई शामिल, कमांडेट ने अगुआई की

**हिंडौन सिटी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर रैपिड एक्शन फोर्स ( ) की 83 बटालियन और कोतवाली थाना पुलिस ने बुधवार को फ्लैग मार्च निकाला। इस मार्च का नेतृत्व कमांडेंट कुलदीप कुमार जैन और सहायक कमांडेंट अनिल कुमार मीणा ने किया। कमांडेंट कुलदीप कुमार जैन और सहायक कमांडेंट अनिल कुमार मीणा ने बताया-83 बटालियन कार्य बल द्वारा सभी क्षेत्रों का संक्षिप्त चित्र भी बनाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह एक नियमित अभ्यास है, जो निश्चित अंतराल पर किया जाता है।

इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदाओं और सामाजिक परिवर्तनों का अध्ययन कर डेटा एकत्र किया जाता है। फ्लैग मार्च चौपड़ सर्किल से शुरू हुआ, जिसमें डीएसपी मुनेश मीना, प्रशिक्षु आरपीएस श्रेष्ठ दीक्षित और कोतवाली थाना प्रभारी महेंद्र सिंह अपने जाब्ते के साथ शामिल हुए। यह अभ्यास भविष्य में सांप्रदायिक तनाव, दंगा या प्राकृतिक आपदा जैसी स्थितियों से निपटने की तैयारियों का हिस्सा था। अभ्यास के दौरान क्षेत्र की जनसंख्या, सामुदायिक रूप से संवेदनशील स्थानों, विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा और बलवाइयों की सूची तैयार की जाएगी। साथ ही, राजनीतिक दलों और समाजसेवी संगठनों की भी जानकारी जुटाई गई।

# एक साल से फरार 5000 का इनामी बदमाश गिरफ्तार

- भूखंड दिलाने के नाम पर 2 लाख ठगे थे, हरियाणा में भेष बदलकर रह रहा था

**हिंडौन सिटी।** नई मंडी थाना पुलिस ने भूखंड दिलाने के नाम पर 2 लाख रुपये से अधिक की ठगी के मामले में एक वर्ष से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस आरोपी पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

थाना प्रभारी नरेश पोषवाल ने बताया-गिरफ्तार आरोपी नादौती निवासी राहुल गुप्ता उर्फ तुलसीनाथ है। पुलिस के अनुसार, आरोपी हरियाणा के सारसा क्षेत्र में भेष बदलकर रह रहा था और धोखाधड़ी के इस मामले में करीब एक साल से फरार था।

हिंडौन सिटी निवासी पवन कुमार गुप्ता ने 12 मार्च को नई मंडी थाने में मामला दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि नादौती निवासी दिनेश गुप्ता और उनके बेटे राहुल कुमार गुप्ता ने उन्हें झांसा दिया।

**भूखंड दिलाने के नाम पर पैसे डलवाए थे:** आरोपियों ने नादौती में एक भूखंड दिलाने के नाम पर पवन कुमार के बैंक खाते में करीब 2 लाख 20 हजार रुपये डलवा लिए थे। पैसे लेने के बाद न तो भूखंड की रजिस्ट्री कराई गई और न ही पैसे वापस किए गए। जब पीड़ित ने अपने पैसे मांगे, तो आरोपियों ने धोखाधड़ी की और उसे धमकियां भी दीं।

इस मामले में राहुल के पिता दिनेशचंद गुप्ता को पुलिस ने पहले ही 07 जुलाई 2025 को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था, जो वर्तमान में जमानत पर हैं। राहुल तब से ही फरार चल रहा था।

इनामी बदमाश राहुल कुमार गुप्ता को पुलिस टीम ने 16 जून 2026 को गिरफ्तार किया है। वह फिलहाल पुलिस रिमांड पर है।

## विभिन्न वार्डों में शहरी सेवा शिविर 18 जून को

**करौली।** अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिड़वाल ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन को स्थानीय स्तर पर त्वरित राहत पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न नगरीय निकायों में शहरी सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 18 जून गुरूवार को नगर परिषद करौली में वार्ड नंबर 10,11,12 में शिविर आयोजित किए जाएंगे। नगर परिषद् हिण्डौन के वार्ड नम्बर 10,11,12 में शिविरों का अयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार नगरपालिका क्षेत्र टोडाभीम व सूरौठ के वार्ड नम्बर 7 व 8 तथा नगरपालिका क्षेत्र सपोटरा के वार्ड नंबर 5 व 6 में शिविरों का अयोजन किया जाएगा।

## देवलेन मोड पर किसान महापंचायत कल गांवों में की नुक्कड़ सभा

- पीले चावल बाट कर दिया महापंचायत में निमंत्रण

**हिंडौन सिटी ।** देवलेन मोड पर किसान महापंचायत कल पीले चावल बाटकर दिया निमंत्रण सामाजिक कार्यकता गिरीश अलीपुरा एवं शरदों गुर्जर के नेतृत्व में अलीपुरा, लोंगटीपुरा, गेंदुपरा, खोरा घुसेटी सहित दर्जनों गांवों में नुक्कड सभा आयोजित कर आज महापंचायत में बडी संख्या मे लोगो को पहुंचने का आहान किया नुक्कड सभा आयोजित कर गिरीश अलीपुरा ने कहा कि गंभीर नदी में पांचना बांध से पानी छोडने की मांग कर रहे हैं जिससे किसानों को पानी के संकट से मुक्ति मिल सके इस समय किसान पेयजल और सिंचाई के लिये भटक रहे है सिंचाई नहीं होने के कारण किसानो की भूमी बंजर हो रही हैं।

गंभीर नदी में पानी छोडने से किसानों को पानी से राहत मिलेगी शरदों गुर्जर ने बताया कि कल महापंचायत में करौली, भरतपुर, दौसा आदि जिलों के सैकड़ों किसान भाग लिंगे और पांचन बांध से गंभीर नदी में पानी छोड़ने की मांग करेंगे इस दौरान नारायण गुर्जर, एच आर पटेल, भगवान सिंह योगी, जीतू , महेंद्र सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## नीट परीक्षा से पहले बड़ी सक्रियता, परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**भरतपुर( निस )।** आगामी 21 जून को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा को लेकर भरतपुर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उनके साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव एवं सीओ सिटी असीमा बासवानी भी मौजूद रहीं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था, बाउंड्री वॉल, परीक्षा कक्षों, सीसीटीवी कैमरों, बैठने की व्यवस्था, पंखों एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने यह भी देखा कि परीक्षा केंद्र निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी तरह सुरक्षित और सील्ड हैं या नहीं। गौरतलब है कि नीट परीक्षा के पेपर लीक प्रकरण के बाद दोबारा आयोजित की जा रही परीक्षा को लेकर प्रशासन विशेष सतर्कता बरत रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कडे इंतजाम किए जा रहे हैं और पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने की तैयारी की जा रही है। सीओ सिटी असीमा बासवानी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया है। केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग और परीक्षा संचालन संबंधी सभी व्यवस्थाओं की जांच की जा रही है।

## निर्मती मीणा महिला प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सचिव नियुक्त

**करौली।** महिला कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा की अभिशंषा पर महिला कांग्रेस पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह ने करौली जिले के रूंधपुरा गांव निवासी निर्मती मीना को महिला कांग्रेस पार्टी की प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। निर्मती मीना को कांग्रेस पार्टी संगठन हित में कार्य करने कांग्रेस पार्टी की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने महिला कांग्रेस पार्टी को जिले में मज़बूत बनाने के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष ने निर्देश दिए हैं। इधर इनकी नियुक्ति पर जिले के कांग्रेस पार्टी नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है और पार्टी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इनकी नियुक्ति से करौली जिले में कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी।

ऑपरेशन पृथ्वी के तहत कार्रवाई

# डीग-कामा रोड पर 4 ओवरलोड हाईवा पकड़े, 1.80 लाख रुपए का जुर्माना

- पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त कार्रवाई; मॉडिफाइड बॉडी हटाने के निर्देश, रवन्ना में दर्ज वजन से अधिक मिली खनन सामग्री

**भरतपुर (निस)।** जिला पुलिस अधीक्षक शरण गोपीनाथ के. के निर्देशन में जिले में अवैध खनन और ओवरलोडिंग के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन पृथ्वी के तहत डीग थाना कोतवाली पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने डीग-कामा रोड पर कार्रवाई करते हुए चार ओवरलोड हाईवा ट्रकों के खिलाफ कार्रवाई कर 1 लाख 80 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। थाना कोतवाली के एसआई अमर सिंह ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को क्यूआरटी टीम के साथ डीग-कामा रोड स्थित गांव दिदावली के पास नाकाबंदी की। इस दौरान कामां की ओर से आ रहे चार हाईवा ट्रकों को रोककर जांच की गई। ट्रकों में खनन सामग्री गिट्टी निर्धारित क्षमता से अधिक मात्रा में भरी हुई पाई गई। सूचना मिलने पर परिवहन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। परिवहन निरीक्षक अनिल मीणा द्वारा दस्तावेजों और रवन्ना की जांच करने पर पाया गया कि ट्रकों में रवन्ना में अंकित वजन से अधिक खनन सामग्री लोड की गई थी। इसके बाद मोटर वाहन अधिनियम के तहत चारों वाहनों के चालान काटते हुए कुल 1 लाख 80 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। परिवहन निरीक्षक अनिल मीणा ने बताया कि कई हाईवा संचालकों ने वाहनों की बॉडी में मॉडिफिकेशन कर उसकी ऊंचाई और क्षमता निर्धारित सीमा से अधिक बढ़ा रखी है। संबंधित वाहन संचालकों को बढ़ाए गए अतिरिक्त हिस्से को हटाने के निर्देश भी दिए गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध खनन और ओवरलोडिंग के विरुद्ध ऑपरेशन पृथ्वी के तहत आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

## योग कार्यक्रम आयोजित

**भरतपुर (निस)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, विश्व शांति भवन सेवा केंद्र, भरतपुर के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भरतपुर विकास प्राधिकरण ऑडिटोरियम परिसर स्थित पार्क में भव्य योग एवं राजयोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कविता दीदी, जिला प्रभारी भरतपुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयुष विभाग, भरतपुर संभाग के अतिरिक्त निदेशक भ्राता साधु राम जी रहे। विशिष्ट अतिथियों में भ्राता गणपति महावर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी अभय कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, भरतपुर तथा भ्राता संजीव गुप्ता मौजूद रहे।

## भगवत कृपा मण्डल की ओर से हरिद्वार में होगी भागवत कथा

**गंगापुर सिटी।** भगवत कृपा मण्डल के तत्वाधान में मां गंगा के पावन घाट हरिद्वार में श्रावण मास में श्री मद भागवत कथा अष्टोत्तर मूल पाठ का आयोजन किया जायेगा। मण्डल सदस्य मुकुट बिहारी शर्मा ने बताया कि पंडित बनवारी लाल शास्त्री हरिद्वार में गंगा घाट पर श्रद्धालुओ को भागवत कथा का अमृम पाण करायेंगे। जिसमें जयपुर का झालानी परिवार मुख्य यजमान रहेगें। उन्होने शहर के धर्म प्रेमी लोगो से उक्त भागवत कथा मे सहभागिता के लिए रजिस्ट्रेशन कराने का आहवाहन किया।